## सीएसआईआर-सीरी में स्वच्छता पखवाड़ा – 2025 का आयोजन

भारत सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय तथा सीएसआईआर मुख्यालय से प्राप्त दिशानिर्देशों के अनुसार सीएसआईआर – केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान, पिलानी में दिनांक 1 से 15 मई, 2025 तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाया गया। इस अवधि के दौरान संस्थान के विभिन्न प्रभागों/प्रयोगशालाओं/अनुभागों एवं कार्यालय परिसर के अन्य स्थानों पर गहन स्वच्छता अभियान चलाया गया। डॉ पी सी पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी द्वारा डॉ नीरज कुमार, वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक की अध्यक्षता में गठित समिति ने संस्थान के स्वच्छता कर्मियों एवं अन्य सहकर्मियों के सहयोग से संस्थान परिसर में स्वच्छता संबंधी कार्य किया। इस दौरान कुछ अनुभागों/प्रभागों ने पुराने एवं अनावश्यक स्टेशनरी के निस्तारण के साथ-साथ खराब एवं अनुपयोगी सामान के निपटान संबंधी कार्रवाई भी की।



सहकर्मियों को स्वच्छता की शपथ दिलाते हुए
डॉ पी सी पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी

**शपथ ग्रहण**

स्वच्छता पखवाड़ा का शुभारंभ दिनांक 1 मई, 2025 को संस्थान में आयोजित किए गए उद्घाटन एवं शपथ ग्रहण समारोह के साथ हुआ। इस अवसर पर **डॉ पी सी पंचारिया,** निदेशक, सीएसआईआर-सीरी ने सभी सहकर्मियों को **स्वच्छता शपथ** दिलाई। संस्थान के सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में संस्थान के वैज्ञानिकों व अन्य सहकर्मियों के साथ-साथ प्रशिक्षार्थी एवं अस्थायी सहकर्मी भी उपस्थित थे।

**<u>स्वच्छता शपथ</u>**

मैं शपथ लेता/लेती हूँ कि :

- ✓ **मैं स्वयं स्वच्छता के प्रति सजग रहूँगा/रहूँगी और उसके लिए समय दूँगा/दूँगी ।**
- ✓ **हर वर्ष 100 घंटे यानी हर सप्ताह 2 घंटे श्रमदान करके स्वच्छता के इस संकल्प को चरितार्थ करूँगा/करूँगी।**
- ✓ **मैं न गंदगी करूँगा/करूँगी, न किसी और को करने दूँगा/दूँगी।**
- ✓ **सबसे पहले मैं स्वयं से, मेरे परिवार से, मेरे मोहल्ले से, मेरे गाँव से एवं मेरे कार्य स्थल से शुरुआत करूँगा/करूँगी।**
- ✓ **मैं यह मानता हूँ कि दुनिया के जो भी देश स्वच्छ दिखते हैं, उसका कारण यह है कि वहाँ के नागरिक गंदगी नहीं करते और न ही होने देते हैं।**
- ✓ **इस विचार के साथ, मैं गाँव-गाँव और गली-गली स्वच्छ भारत मिशन का प्रचार करूँगा/करूँगी। मैं आज जो शपथ ले रहा हूँ, वह अन्य 100 व्यक्तियों से भी करवाऊँगा/करवाऊँगी।**
- ✓ **मैं इसके लिए प्रयास करूँगा/करूँगी कि वे भी मेरी तरह स्वच्छता के लिए 100 घंटे दें।**
- ✓ **मुझे मालूम है कि स्वच्छता की तरफ बढ़ाया गया मेरा एक कदम पूरे भारत देश को स्वच्छ बनाने में मदद करेगा।**



उद्घाटन सत्र में अध्यक्षीय संबोधन देते हुए
डॉ पी सी पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी

अपने संक्षिप्त संबोधन में डॉ पंचारिया ने सभी सहकर्मियों से आह्वान किया कि वे स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं तथा संस्थान परिसर एवं अन्य निर्धारित स्थलों पर होने वाली स्वच्छता गतिविधियों आदि में बढ़-चढ़ कर भाग लें।




स्वच्छता पखवाड़ा की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए
आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ नीरज कुमार, वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक

इससे पूर्व आयोजन समिति के अध्यक्ष **डॉ नीरज कुमार**, वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक ने पखवाड़ा के दौरान प्रस्तावित विभिन्न गतिविधियों एवं क्रियाकलापों की जानकारी दी।

उद्घाटन समारोह का संचालन करते हुए संस्थान के स्वच्छता नोडल अधिकारी **श्री रमेश बौरा**, वरिष्ठ हिंदी अधिकारी ने बताया कि नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक एवं उत्तरदायी बनाने के उद्देश्य से भारत सरकार के सभी मंत्रालयों एवं विभागों में अलग-अलग अवधि में स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। सीएसआईआर सहित केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सभी कार्यालय एवं विभाग 1 से 15 मई, 2025 की अवधि में स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन कर रहे हैं। इसी कड़ी में संस्थान में भी स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है।

संस्थान में स्वच्छता पखवाड़ा 2025 के दौरान आयोजित अन्य गतिविधियों का विवरण :

**'एक पौधा माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत पौधारोपण**

भारत सरकार द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए आरंभ किए गए इस अभियान के अंतर्गत दिनांक 02 मई, 2025 को संस्थान के निदेशक डॉ पी सी पंचारिया के नेतृत्व में संस्थान के वैज्ञानिकों एवं अधिकारियों सहित अन्य सहकर्मियों ने कॉलोनी परिसर के नेहरू उद्यान में पौधे लगाए। इस अवसर पर सहकर्मियों ने सामूहिक प्रयासों से अलग-अलग किस्म के 51 पौधे लगाए।



स्वच्छता पखवाड़ा में 'एक पौधा माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत पौधारोपण करते हुए डॉ पी सी पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी



पौधारोपण करते हुए प्रशासन नियंत्रक श्री मधुरंजन पाण्डेय



पौधारोपण के उपरांत नेहरू उद्यान में निदेशक एवं अन्य सहकर्मी

**चित्रकला** (Sit & Draw) **प्रतियोगिता (4 मई, 2025)**

स्वच्छता एवं स्वच्छ भारत थीम के अंतर्गत संस्थान एवं कॉलोनी परिसर के बच्चों के लिए निम्नलिखित तीन वर्गों में चित्रकला (Sit & Draw) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया : (i) कक्षा 2 तक के विद्यार्थी (ii) कक्षा 3 से 7 तक के विद्यार्थी तथा (iii) कक्षा 8 से 12 तक के विद्यार्थी। बच्चों ने उत्साहपूर्वक प्रतियोगिता में भाग लिया।



प्रतियोगिता में अपने बनाए चित्रों के साथ प्रतिभागी विद्यार्थी




प्रश्नोत्तरी (ओपन क्विज़) का संचालन करते हुए
डॉ आनंद अभिषेक, प्रधान वैज्ञानिक एवं डॉ आलोक मिश्रा

**स्वच्छता प्रश्नोत्तरी (7 मई, 2025)**

स्वच्छता के प्रति जागरूकता एवं सामान्य ज्ञान बढ़ाने के उद्देश्य से 7 मई, 2025 को स्वच्छता प्रश्नोत्तरी (ओपन क्विज़) का आयोजन किया गया जिसमें स्वच्छता एवं सामान्य ज्ञान संबंधी प्रश्न पूछे गए। इस कार्यक्रम में संस्थान के नियमित, अस्थायी कर्मियों के साथ परियोजना कार्मिकों एवं प्रशिक्षार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रश्नों के सही उत्तर देने पर प्रतिभागियों को तत्काल पुरस्कार स्वरूप स्मृति चिह्न भेंट किया गया। प्रश्नोत्तरी (ओपन क्विज़) का संचालन एवं समन्वयन डॉ आनंद अभिषेक, प्रधान वैज्ञानिक एवं डॉ आलोक मिश्रा, वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी ने किया।



स्वैच्छिक श्रमदान करते हुए संस्थान के वैज्ञानिक एवं अन्य सहकर्मी



स्वैच्छिक श्रमदान करते हुए संस्थान के वैज्ञानिक एवं अन्य सहकर्मी

**नारा लेखन (Slogan writing) प्रतियोगिता**

पखवाड़ा के दौरान दो वर्गों, क्रमश: नियमित सहकर्मी एवं अस्थायी सहकर्मी वर्ग, में स्वच्छता स्लोगन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया इसके अंतर्गत सहकर्मियों से 01 से 11 मई 2025 के दौरान स्वरचित स्लोगन ऑनलाइन आमंत्रित किए गए।

**स्वैच्छिक श्रमदान (13 मई, 2025)**

स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान 13 मई, 2025 को सहकर्मियों ने संस्थान के निदेशक डॉ पी सी पंचारिया की अगुवाई में कॉलोनी परिसर स्थित नेहरू पार्क में स्वच्छता हेतु स्वैच्छिक श्रमदान किया। इसके अलावा संस्थान एवं कॉलोनी परिसर में अन्य स्थानों पर साप्ताहिक अवकाशों के दिन गहन स्वच्छता की गई। इसके अलावा भी स्वच्छता पखवाड़ा 2025 के दौरान संस्थान के स्वच्छता कर्मियों/संविदा कर्मियों के सहयोग से संस्थान के नियमित कार्मिकों ने तीनों शोध क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाली प्रयोगशालाओं/कर्मशालाओं/गलियारों आदि में तथा संस्थान परिसर में स्थित एयरकंडीशनरों, कूलरों, एसी प्लांट, अभिलेख कक्ष आदि की भी गहन स्वच्छता की।




समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में संबोधित करते हुए
डॉ पी सी पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी



समारोह में उपस्थित अधिकारीगण एवं सहकर्मीवृंद

**समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह**

स्वच्छता पखवाड़ा 2025 का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह दिनांक 15 मई, 2025 को आयोजित किया गया। समारोह की अध्यक्षता संस्थान के निदेशक **डॉ पी सी पंचारिया** ने की। इस अवसर पर अपने संबोधन में संस्थान के कार्मिकों एवं पुरस्कार विजेताओं को संबोधित करते हुए डॉ पंचारिया ने कहा कि स्वच्छता अभियान वर्ष पर्यन्त चलने वाली प्रक्रिया है और हमें इसमें अनिवार्य रूप से अपना योगदान देना चाहिए। उन्होंने प्रधानमंत्री जी के संबोधन को रेखांकित करते हुए कहा कि स्वस्थ और आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना को साकार करने के लिए स्वच्छ भारत के लक्ष्य को प्राप्त करना अत्यंत आवश्यक है। स्वच्छता और स्वास्थ्य को एक-दूसरे का पूरक बताते हुए उन्होंने कहा कि स्वच्छता ही अच्छे स्वास्थ्य की जननी है। संबोधन के अंत में उन्होंने स्वच्छता पखवाड़ा आयोजन समिति के सदस्यों और सभी सहकर्मियों को उनकी सक्रिय सहभागिता के लिए धन्यवाद दिया तथा सभी पुरस्कार विजेताओं को बधाई दी।




समापन समारोह के दौरान विजेताओं एवं आयोजन समिति के साथ
डॉ पी सी पंचारिया, निदेशक एवं श्री मधुरंजन पाण्डेय, प्रशासन नियंत्रक

स्वच्छता पखवाड़ा समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में संस्थान के निदेशक डॉ पी सी पंचारिया ने पखवाड़ा अवधि के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं एवं निर्णायक को पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र भेंट कर सम्मानित किया। प्रतियोगिताओं एवं विजेताओं का विवरण निम्नवत है :

**1. चित्रकला (Sit & Draw) प्रतियोगिता**

**वर्ग 1** (कक्षा 2 तक के विद्यार्थी)

| नाम व पिता का नाम | स्थान |
|---|---|
| कु. निहांशी पुत्री डॉ टी ईश्वर | प्रथम |
| कु. ज़हरा पुत्री डॉ हसीना ख़ातुन | द्वितीय |

**वर्ग 2** (कक्षा 3 से 7 तक के विद्यार्थी)

| नाम व पिता का नाम | स्थान |
|---|---|
| मा. राघव पुत्र श्री चतरू राम | प्रथम |
| कु. अदिती पुत्री डॉ अमितावो रॉय चौधुरी | द्वितीय (1) |
| कु. अद्रिजा पुत्री डॉ रंजन बारिक | द्वितीय (2) |

**वर्ग 3** (कक्षा 8 से 12 तक के विद्यार्थी)

| नाम व पिता का नाम | स्थान |
|---|---|
| मा. माधवन सैनी पुत्र श्री घनश्याम सैनी | प्रथम |
| कु. अक्षिता पुत्री श्री मनोज कुमार | द्वितीय |

**2. नारा लेखन (Slogan writing)**

(1) नियमित सहकर्मी वर्ग

| नाम व पदनाम | स्थान |
|---|---|
| श्री संजीव कुमार, प्रधान वैज्ञानिक | प्रथम |
| श्री प्रवीण, तकनीशियन -2 | द्वितीय |

(2) अस्थायी सहकर्मी वर्ग

| नाम व पदनाम | स्थान |
|---|---|
| श्री पंकज कुमार काला, शिक्षु | प्रथम |
| श्री बाबुल सैनी, परियोजना सहायक | द्वितीय |

**3. अनुभागों के लिए स्वच्छता प्रतियोगिता (प्रशासन भवन)**

| नाम व पदनाम | स्थान |
|---|---|
| राजभाषा प्रकोष्ठ | प्रथम |
| स्थापना अनुभाग – 2 | द्वितीय |



पखवाड़ा के दौरान आयोजित विभिन्न गतिविधियों की जानकारी देते हुए स्वच्छता पखवाड़ा आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ नीरज कुमार

इससे पूर्व आयोजन समिति के अध्यक्ष **डॉ नीरज कुमार**, वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक ने स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान आयोजित विभिन्न गतिविधियों की संक्षिप्त जानकारी दी। इस अवसर पर पखवाड़ा अवधि के दौरान आयोजित विभिन्न गतिविधियों की **वीडियो फिल्म** का भी प्रदर्शन किया गया।



कार्यक्रम का संचालन करते हुए श्री रमेश बौरा, वरिष्ठ हिंदी अधिकारी

समापन एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का संचालन **श्री रमेश बौरा,** वरिष्ठ हिंदी अधिकारी ने किया। कार्यक्रम संचालन के दौरान उन्होंने निदेशक, सीएसआईआर-सीरी सहित सभी उपस्थित अधिकारियों, प्रतियोगिताओं के विजेताओं एवं सहकर्मियों का स्वागत किया।



धन्यवाद ज्ञापित करते हुए डॉ राहुल प्रजेश, प्रधान वैज्ञानिक

कार्यक्रम के अंत में **डॉ राहुल प्रजेश**, प्रधान वैज्ञानिक ने **धन्यवाद ज्ञापित** किया। उन्होंने आयोजन को सफल बनाने के लिए निदेशक महोदय के मार्गदर्शन और सभी सहकर्मियों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

## पुरस्कृत स्लोगन

### नियमित सहकर्मी वर्ग

**प्रथम –** स्वच्छता है सुंदरता की जान।
साफ-सुथरा हो हर स्थान ॥


**द्वितीय –** ऑफिस चमके, कॉलोनी दमके ।
जब स्वच्छता की बत्ती चमके ॥

### अस्थायी सहकर्मी वर्ग

**प्रथम –** गंदगी हटाओ, जिंदगी बचाओ ।

**द्वितीय –** झाड़ू उठाना शर्म नहीं ।
ये तो सेवा का कर्म है सही ॥

## स्वच्छता अभियान के दौरान लिए गए कुछ अन्य फोटो


स्वच्छ सीरी कैफेटेरिया


श्रमदान के माध्यम से कॉलोनी परिसर में स्वच्छता गतिविधि




पुराने रिकॉर्ड की छँटनी (वीडिंग आउट) कार्रवाई



बिजली उपकरणों की स्वच्छता



पौधारोपण गतिविधि



स्वच्छता गतिविधि के उपरांत सेमिकंडक्टर प्रयोगशाला के निकट स्थल



पौधारोपण गतिविधि




स्वच्छ अनुभाग प्रतियोगिता में विजेता अनुभाग (राजभाषा प्रकोष्ठ) को पुरस्कृत करते हुए निदेशक डॉ पी सी पंचारिया



श्रमदान के माध्यम से कॉलोनी परिसर में स्वच्छता गतिविधि




स्वच्छ अनुभाग प्रतियोगिता में उपविजेता अनुभाग (स्थापना 2) को पुरस्कृत करते हुए डॉ पी सी पंचारिया निदेशक